



PRATHAM BOOKS
A Book in Every Child's Hand

पठन स्तर ३

# जादूई चिट्ठी

**Author:** Aaquib Jaleel
**Illustrator:** Shreya Sen
**Translator:** Abhilasha Saksena



एजाज़ हरियाणा में और विक्रम आंध्रप्रदेश में रहता है।
एक-दूसरे से बहुत दूर रहने के बाद भी दोनो सबसे अच्छे दोस्त हैं।








पहले एजाज़ और विक्रम प़डोसी थे।

दोनो को क्रिकेट खेलना, पहेलियाँ सुलझाना और बिरयानी खाना पसंद था।
वो अपने जन्मदिनों से लेकर उत्सवों तक सब साथ में मनाते थे।



जब से विक्रम हरियाणा छोड़कर चला गया, एजाज़ दुखी रहता था लेकिन विक्रम की चिट्ठयाँ उसे हमेशा खुश कर देती थीं।




जो पहेलियाँ विक्रम भेजता था, उन्हें हल करना उसे अच्छा लगता था।




ईद के दिन विक्रम का एक लिफाफा उसके नाम आता है। एजाज़ उसे खोलता है और उसमें से एक कार्ड बाहर निकालता है।

***ईद मुबारक, एजाज़! चिट्ठी को पढ़ो,***
***एक अचम्भा तुम्हारा इंतज़ार कर रहा है।***

जैसे ही वह चिट्ठी खोलता है, सकते में आ जाता है कि विक्रम ने आख़िर क्या भेजा है। पिछली बार उसने अंकों की एक पहेली भेजी थी।





पर इस बार कागज़ कोरा है। क्या यह गलती से हुआ है?



क्या उसे इस कागज़ के टुकड़े को किसी चीज़ में तब्दील करना है?

एजाज़ उसे मोड़ने की कोशिश करता है लेकिन कुछ बना नहीं पाता।

एजाज़ कागज़ को रोशनी में लेकर जाता है।



उसे मोड़ता है और
उसमें से देखता है।



अपनी अंगुलियों को कागज़ पर फेरता
है, लेकिन कुछ नहीं होता।






एजाज़ फिर से कार्ड को देखता है।
उसे नारंगी और पीले रंग की हलकी सी लौ
दिखायी देती है।

क्या विक्रम ने इस पर रंग किया है?
लेकिन विक्रम को तो रंग करना पसंद नहीं है।



एजाज़ रसोई की तरफ दौड़ता है। “अम्मी मुझे कुछ गर्म चीज़ चाहिए।“
माँ तौलिये से हाथ पोंछते हुए कहती है, “बिरयानी अभी तैयार नहीं है एजाज़। अभी इंतजार करो।”
“मुझे बिरयानी नहीं खानी।” वह अम्मी को समझाता है कि उसे कागज़ को किसी चीज़ से गर्म करना है।

अम्मी स्टोव से मोमबत्ती जलाने में उसकी मदद करती हैं। एजाज़ कागज़ मोमबत्ती के पास ले जाता है। अम्मी सचेत करती हैं, “अगर तुम कागज़ को मोमबत्ती के ज़्यादा पास ले जाओगे तो वो जल जाएगा।”




वह कागज़ को कुछ दूर रखकर बेसब्री से इंतजार करता है।
क्या होगा?

कुछ समय बाद कागज़ में कुछ भूरी लकीरें नज़र आती हैं जैसे
कोई जादू हो रहा हो।
“वाह! अम्मी इन शब्दों को देखो,” एजाज़ चिल्लाता है।

अम्मी एजाज़ के साथ उन शब्दों को तेज़ी से पढ़ती हैं।
***‘हम मार्बल कहाँ खेलते थे?’***

अम्मी यह पढ़कर कुछ समझ नहीं पीतीं लेकिन एजाज़ को
जोश आ जाता है।





एजाज़ चिल्लाता है, “मैं जानता हूँ कहाँ जाना है।”
वह सीढ़ियों से तेज़ी से नीचे उतरता है और पार्किंग में रखी एक बेंच के आगे जाकर रुकता है।





लेकिन वहाँ कुछ नहीं मिलता।


एजाज़ दुखी हो जाता है। उसे पता था कि कोई और संकेत उसका इंतजार कर रहा होगा।

वह हाँफते हुए पीछे मुड़ता है।
“विक्रम! तुम यहाँ क्या कर रहे हो?”

एजाज़ को अपनी आँखों पर यकीन नहीं होता। यह आज तक का सबसे अच्छा अचम्भा था उसके लिए।

“क्या तुम अंदाज़ा नहीं लगा पा रहे?” विक्रम पूछता है। “मुझे तुम्हारी अम्मी की बनाई हुई बिरयानी की याद आ रही थी इसलिए मैं यहाँ आ गया।” एजाज़ हँसते हुए उसे गले से लगा लेता है।





तभी अम्मी एजाज़ को बुलाकर कहती हैं
कि बिरयानी तैयार हो गई है।

# रहस्य

अपने गुप्त पत्र को तैयार करने के लिए आपको इन चीज़ों की आवश्यकता है:




*नींबू*



*पानी*



*कटोरी*



*सफेद कागज़ का टुकड़ा*



*एक तीली के सिरे पर लिपटा हुआ थोड़ा सा कपास या रूई*

## विघि:

1 एक कटोरी में आधे नींबू का रस निचोड़ लें।

2 उसमें पानी की कुछ बूँदें डालकर अच्छे से मिलाएं।

3 कपास लगी तीली उसमें डुबोकर सफेद कागज़ पर अपना संदेश लिखें।

4 कागज़ को सूखने दें।

5 अपने गुप्त संदेश को दोस्त को भेजें। संदेश तभी दिखेगा जब कागज़ को मोमबत्ती या गर्म बिजली के बल्ब से गरम किया जाएगा।

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

## Story Attribution:

This story: जादुई चिट्ठी is translated by Abhilasha Saksena . The © for this translation lies with Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Based on Original story: 'The Magic Letter', by Aaquib Jaleel . © Pratham Books , 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

## Other Credits:

This book was first published on StoryWeaver by Pratham Books. The development of this book has been supported by Oracle. Guest Editor: Karishma Mahbubani; Guest Art Director: Snigdha Rao. www.prathambooks.org

## Images Attributions:

Cover page: two boys opening letter, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 2: boy posting letter, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 3: two boys outside their homes, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 4: two boys playing together, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 5: A boy reading a card by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 6: boy opening a letter, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 7: boy looking at a paper, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 8: boy folding paper, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 9: boy folding his card, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 10: boy in the kitchen with his mother, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

The development of this book has been supported by Oracle.

PRATHAM BOOKS storyweaver

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

Images Attributions:

Page 11: boy showing his mother a letter, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 12: boys shows his mother his letter, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 13: boy reading a letter, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 14: boy running and walking, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 15: two boys hugging eachother, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 16: two boys walking on a road, by Shreya Sen © Pratham Books, 2019. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

The development of this book has been supported by Oracle.

# जादूई चिट्ठी

(Hindi)

एजाज़ को अपने सबसे अच्छे दोस्त विक्रम की चिट्ठी मिलती है। वह उसे पढ़ने के लिए बेक़रार है, लेकिन पत्र खोलने पर वह चकित रह जाता है। पढ़िए कि आखिर क्यों?

This is a Level 3 book for children who are ready to read on their own.

PRATHAM BOOKS
storyweaver

Pratham Books goes digital to weave a whole new chapter in the realm of multilingual children's stories. Knitting together children, authors, illustrators and publishers. Folding in teachers, and translators. To create a rich fabric of openly licensed multilingual stories for the children of India  and the world. Our unique online platform, StoryWeaver, is a playground where children, parents, teachers and librarians can get creative. Come, start weaving today, and help us get a book in every child's hand!

This book is shared online by Free Kids Books at https://www.freekidsbooks.org
in terms of the creative commons license provided by the publisher or author.

# Want to find more books like this?




https://www.freekidsbooks.org

**Simply** great free books -

Preschool, early grades, picture books, learning to read,
early chapter books, middle grade, young adult,
Pratham, Book Dash, Mustardseed, Open Equal Free, and many more!

***Always Free – Always will be!***

**Legal Note:**

This book is in CREATIVE COMMONS - Awesome!! That means you can share, reuse it, and in some cases republish it, but only in accordance with the terms of the applicable license (not all CCs are equal!), attribution must be provided, and any resulting work must be released in the same manner.

Please reach out and contact us if you want more information: https://www.freekidsbooks.org/about

*Image Attribution: Annika Brandow, from You! Yes You! CC-BY-SA.*
*This page is added for identification.*